राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
प्रेस नोट

क्रमांक : एफ.6(04)हिन्दी / परीक्षा 'घ' / व0अ0 (माशि) / 2022/87 दिनांक 17/10/2023

वरिष्ठ अध्यापक–**हिन्दी** (मा.शि.) टी.एस.पी. एवं नॉन–टी.एस.पी. प्रतियोगी परीक्षा, 2022 के पदों की भर्ती के सम्बन्ध में आयोग द्वारा दिनांक **11.09.2023** को जारी की गई विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक **26.09.2023 से 06.10.2023** तक की गई। उक्त काउंसलिंग में अनुपस्थित रहे कुल 76 अभ्यर्थियों एवं प्रोविजनल रहे 53 अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा एक अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 16.10.2023 को प्रातः 10:00 बजे काउन्सलिंग में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। इन 76 अभ्यर्थियों में से कुल 46 अभ्यर्थी उक्त दिनांक को भी अनुपस्थित रहें हैं एवं 53 अभ्यर्थियों में से 26 अभ्यर्थी प्रोविजनल रहे।

अतः उपरोक्त हिन्दी विषय में अनुपस्थित 46 अभ्यर्थियों को अंतिम तौर पर सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाइट **www.rpsc.rajasthan.gov.in** से विस्तृत आवेदन पत्र, प्रपत्र तथा आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर उनका अध्ययन करते हुए विस्तृत आवेदन पत्र की प्रविष्टिया पूर्ण करने के उपरान्त दिनांक 25.10.2023 को समय प्रातः 10:00 बजे आयोग कार्यालय में आवश्यक रुप से उपस्थित होंवे। साथ ही हिन्दी विषय की कांउसलिंग में प्रोविजनल रहे 26 (सूची संलग्न) अभ्यर्थियों को भी सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.10.2023 को प्रातः 10:00 बजे अपने वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें।

विचारित सूची में सम्मिलित एवं काउन्सलिंग में इन अनुपस्थित रहे 46 अभ्यर्थियों (सूची संलग्न) को आयोग कार्यालय में पात्रता जांच हेतु उपस्थित होने हेतु **द्वितीय अवसर** प्रदान किया जा रहा है। उक्त दिनांक को भी पात्रता जांच हेतु अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा तथा ना ही ऐसे अभ्यर्थियों को जारी किए जाने वाले अंतिम परिणाम में सम्मिलित किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वंय अभ्यर्थी की होगी। काउसंलिग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा / दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

अनुपस्थित एवं प्रोविजलन अभ्यर्थियों की सूची हेतु आयोग की वेबसाईट का अवलोकन अपेक्षित है।

17/10/23

(रामनिवास मेहता)
सचिव